प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 03.11.2026

थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा प्रतिबंधित आतिशबाजी पटाखों के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 26 गत्ता कार्टून में प्रतिबंधित आतिशबाजी पटाखे (लगभग 02 क्विंटल, अनुमानित कीमत लगभग 07 लाख) बरामद।

आज दिनांक 03.11.2026 को थाना भोजपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर प्रतिबंधित आतिशबाजी पटाखों के साथ 03 अभियुक्तगण 1. मोहित कुमार 2. पंकज कुमार 3. सौरभ कुमार को थाना क्षेत्र भोजपुर से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से 26 गत्ता कार्टून में प्रतिबंधित आतिशबाजी पटाखे (लगभग 02 क्विंटल, अनुमानित कीमत लगभग 07 लाख) बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना भोजपुर पर तत्काल विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा-9बी (1)(बी) के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हमनें उपरोक्त कार्टूनों व गत्तों के डिब्बों में विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित पटाखे छिपाकर दिवाली पर बाजार में बेचने के लिये इकट्ठा करके रखे थे।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता -

1. मोहित कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी आदर्श नगर कॉलोनी थाना हापुड़ नगर हापुड़, उम्र करीब 22 वर्ष
2. पंकज कुमार पुत्र अजय कुमार निवासी केशव नगर थाना हापुड़ नगर हापुड़, उम्र करीब 20 वर्ष।
3. सौरभ कुमार पुत्र ब्रम्ह सिंह निवासी ग्राम अच्छेजा थाना कोतवाली नगर हापुड़, उम्र करीब 34 वर्ष।

बरामदगी का विवरण –

26 गत्ता कार्टून में प्रतिबंधित आतिशबाजी पटाखे - आनन्दा कलरफुल पीकॉक–18 पैकेट, डीलक्स क्रैकर–50 पैकेट, ग्रीन स्पार्कलर्स– 10 पैकेट, भारत स्पार्कलर्स–10 पैकेट, प्रिंस बुलेट बम–360 पैकेट, श्री कान्हा कलर स्पार्कलर्स–35 पैकेट, टर्की मिर्ची बम/कलर क्रैकर्स–320 पैकेट, हाइड्रो बम–250 नग, नागा डाइनामाइट बम–50 पैकेट, मुर्गा कलर स्पार्कलर–24 पैकेट, मोरी सिल्वर रेन टॉर्चेज–65 पैकेट, सनलाइट क्लासिक बम – 20 पैकेट, मुर्गा फ्लावर पॉट बिग–69 पैकेट, टर्की बिजली क्रैकर्स–150 पैकेट, क्लासिक बम–50 पैकेट, मलाथीफ्लावरपॉट–05 पैकेट, लोगूस्पेशल – 03 पैकेट, कुल्हड़ अनार (क्वांटम/जेमिनी/जैस्मिन सहित)–100 डिब्बे, पीकॉक–38 डिब्बे, फुलझड़ी(सभी लंबाई एवं ब्रांड सहित)–405 पैकेट/डिब्बे, बुलेट बम – 240 पैकेट, मोरी छाप बम –50 पैकेट, चंडी वरन बम –105 पैकेट, डाइनामाइट बम–105 डिब्बे, मिर्ची बम –100 पैकेट, टिक-टिक मोरी बम – 25 पैकेट (लगभग 02 क्विंटल, अनुमानित कीमत लगभग 07 लाख) बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –

अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना भोजपुर पर विस्फोटक अधिनियम का 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना भोजपुर पुलिस टीम।

थाना मोदीनगर पुलिस द्वारा अवैध आतिशबाजी पटाखों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध आतिशबाजी पटाखे बरामद।

दिनांक 02.11.2026 को थाना मोदीनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अवैध आतिशबाजी पटाखों के साथ अभियुक्त गौरव पुत्र जय किशन शर्मा निवासी तेल मिल गेट थाना मोदीनगर, गाजियाबाद उम्र करीब 21 वर्ष को थाना क्षेत्र मोदीनगर से गिरफ्तार किया गया, कब्जे से अवैध आतिशबाजी पटाखे बरामद हुए। थाना मोदीनगर पर तत्काल विस्फोटक अधिनियम 1884 की धारा-9बी(1)(बी) के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि उपरोक्त प्रतिबंधित अतिशबाजी पटाखे आगामी त्यौहारों पर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से बाजार में बेचने के लिये इकट्ठा करके रखे थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -

गौरव पुत्र जय किशन शर्मा निवासी तेल मिल गेट थाना मोदीनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 21 वर्ष।

फरार अभियुक्त - शिवम पुत्र झुमरी निवासी तेल मिल गेट थाना मोदीनगर गाजियाबाद, उम्र 19 वर्ष

बरामदगी का विवरण –

ओरिजिनल वंडर थ्रो 40 पैकेट पटाखे, कलर कोटी 30 पैकेट पटाखे, राजेश्वरी लीओपार्ड किंग 50 पैकेट पटाखे, स्टार प्लेटिनियम स्पार्क कलर्स 34 पैकेट पटाखे, जय बजरंग 25 पैकेट पटाखे, हेलिकॉप्टर शॉट 40 पैकेट पटाखे, मोरी छाप 24 पैकेट पटाखे, सुतली बम 55 पैकेट पटाखे, सीता-गीता 50 पैकेट पटाखे, मेघा बुलेट 12 पैकेट पटाखे, रोल कैप्स 16 पैकेट, मैजिक पेपर शट स्पैनर्स 03 पैकेट, पारस कलर्ड स्पार्कल 10 पैकेट्स, ग्राउण्ड चक्कर स्पेशल 02 पैकेट, क्रैक जैक 12 शोट 02 पैकेट, किट कैट 10 पैकेट, पैन्टा प्लस 01 पैकेट, पांच अवतार 03 पैकेट, चक्कर अशोका 10 पैकेट, सिल्वर रेन टर्च 05 पैकेट व सिल्वर टर्च 05 पैकेट पटाखे बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –

थाना मोदीनगर पर विस्फोटक अधिनियम का 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना मोदीनगर पुलिस टीम

थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा अवैध आतिशबाजी पटाखों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 05 प्लास्टिक के बोरे में अवैध आतिशबाजी पटाखे बरामद।

दिनांक 02.11.2026 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर अवैध आतिशबाजी पटाखों के साथ अभियुक्त प्रवीण गौरव पुत्र आनंद सैनी निवासी कस्बा रोड गांधी कॉलोनी थाना मुरादनगर गाजियाबाद उम्र करीब 38 वर्ष को थाना क्षेत्र मुरादनगर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से 05 प्लास्टिक के बोरे में अवैध आतिशबाजी पटाखे बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना मुरादनगर पर विस्फोटक अधिनियम-1884 की धारा- 9बी (1) (बी) के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि मैं आगामी त्यौहारों पर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देश्य से चोरी-छिपे अवैध पटाखे बेचने का कार्य करता हूँ, मैंने ये अवैध आतिशबाजी पटाखे बाजार में बेचने के लिए इकट्ठा किये है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -

गौरव पुत्र आनंद सैनी निवासी कस्बा रोड गांधी कॉलोनी थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र करीब 38 वर्ष।

बरामदगी का विवरण –

01 प्लास्टिक का कट्टा जिसमें 60 देशी सुतली पटाखे, 01 पारदर्शी कट्टा जिसमें 25 डिब्बे प्रत्येक डिब्बे में 10 पीस कुल 250 पीस पटाखे, 01 सफेद कट्टा जिसमें10 डिब्बे प्रत्येक डिब्बे में 50 पीस पॉप-पॉप पटाखे, 01 सफेद कट्टा जिसमें स्पार्कर- हरी 16 डिब्बे प्रत्येक 5 पीस पटाखे व 01 सफेद कट्टा जिसमें 20 प्लास्टिक गन बरामद।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –

अभियुक्त के विरुद्ध थाना मुरादनगर पर विस्फोटक अधिनियम का 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।

थाना ए०एच०टी० कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा थाना वेवसिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

दिनाकं 10.10.2025 को वादी श्री अरशद नि0 बिहार हाल पता थाना क्षेत्र वेव सिटी जनपद गाजियाबाद द्वारा अपने 16 वर्षीय नाबालिग भांजे के दिनांक 05.10.2025 को घर से शाम 19.00 बजे बिना बताये कही चले जाने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 300/2025 धारा 137 (2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। दौराने विवेचना गुमशुदा बालक को काफी तलाश किया गया तो दौराने पतारसी सुरागरसी से पता चला कि बालक बाल राजकीय आश्रय गृह फिरोजाबाद में मौजूद है, उपरोक्त बालक को श्रीमान बाल कल्याण अधिकारी फिरोजाबाद के समक्ष पेश कर आदेशानुसार अपनी सुपुर्दगी में लिया गया तथा बालक को पुनः श्रीमान बाल कल्याण अधिकारी गाजियाबाद के समक्ष पेश कर आज दिनांक 03.11.26 को थाना ए0एच0टी0 पुलिस टीम द्वारा बच्चे को सकुशल परिजनों को सुपुर्द किया गया।

बरामद करने वाली टीमः-

1. थाना ए०एच०टी० पुलिस टीम।

जन शिकायतों के निस्तारण (IGRS) में गाजियाबाद पुलिस द्वारा अक्टूबर माह में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

आईजीआरएस पोर्टल पर जन शिकायतों के समुचित समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर से की जाती है, प्रदर्शन के आधार पर मासिक रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण/यथोचित कार्यवाही कराते हुए पोर्टल पर आख्या की फीडिंग की जाती है।

एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (IGRS) के अंतर्गत माह अक्टूबर में कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्य के फलस्वरूप सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के अंतर्गत कमिश्नरेट के 19 थानों द्वारा IGRS में प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के आधार पर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया है।

अक्टूबर माह में प्रथम रैंक प्राप्त करने वाले थानों का विवरण	
क्र०स०	**थाना**
1	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,खोडा , गाजियाबाद
2	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,लिंक रोड , गाजियाबाद
3	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,अंकुर विहार,गाजियाबाद
4	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,विजय नगर , गाजियाबाद
5	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,नंदग्राम , गाजियाबाद
6	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मसूरी , गाजियाबाद
7	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मोदी नगर , गाजियाबाद
8	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,टीलामोड , गाजियाबाद
9	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,कौशाम्बी , गाजियाबाद
10	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,साहिबाबाद , गाजियाबाद
11	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मुराद नगर , गाजियाबाद
12	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,लोनी बोर्डर , गाजियाबाद
13	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,मधुवन बापूधाम , गाजियाबाद
14	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,ट्रोनिका सिटी , गाजियाबाद
15	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,शालीमार गार्डन ,गाजियाबाद
16	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,भोजपुर , गाजियाबाद
17	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,कविनगर , गाजियाबाद
18	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,क्रासिंग रिपब्लिक ,गाजियाबाद

19	थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक,सिहानी गेट , गाजियाबाद

कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा IGRS पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान, निष्पक्ष जांच, शिकायतकर्ता से संवाद एवं समयसीमा के पूर्ण अनुपालन के साथ प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की गयी। नागरिकों की समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ शिकायतों का निस्तारण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त हुई।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा कमिश्नरेट के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के इस प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुये भविष्य में भी इसी प्रकार जनसेवा के प्रति समर्पित रहते हुए शिकायतों के त्वरित एव गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।